प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
www.subhartimedia.com | लखनऊ, गुरुवार, 24 जनवरी 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 | उत्तर प्रदेश–उत्तराखंड से प्रकाशित
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
सुभारती
राजपथ पर परेड में शामिल होंगे आजाद हिंद फौज के सैनिक : पेज-12

एनपीटीईएल में एसएमएस का महत्वपूर्ण योगदान

लखनऊ। प्रभात

संस्थान के अध्यापकों एवं छात्रों को उच्च श्रेणी की व्यवसायिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त हो सके, इसके लिए स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज़, लखनऊ ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम 'स्वयम् एवं नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नॉलोजी इनहैंस्ड लनिंग (एनपीटीईएल) के कार्यक्रमों की रूपरेखा का संकलन एक बुलेटिन के रूप में प्रकाशित किया। इस महत्वपूर्ण बुलेटिन के प्रथम अंक को दिनांक 19 जनवरी को उत्तरी क्षेत्र के 10 राज्यों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रो0 विनीत कंसल, डीन, ए.के.टी.यू. लखनऊ एवं एन.पी.टी.ई.एल. के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो0 सत्यकी रॉय, आई.आई.टी. कानपुर द्वारा विमोचन किया गया। उत्तरी क्षेत्र के 10 राज्यों में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज़ ही एकमात्र ऐसा संस्थान है जिसके द्वारा स्वयं एवं एन.पी.टी.ई.एल. के द्वारा संचालित कार्यक्रमों को एक बुलेटिन के रूप में संकलित किया गया है। एस.एम.एस. लखनऊ की इस पहल को प्रतिभागी राज्यों के प्रतिनिधियों एवं कार्यशाला में उपस्थित तमाम गणमान्य अतिथियों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी। इस अनूठे एवं महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शमित श्रीवास्तव, समन्वयक एन.पी.टी.ई.एल., एस.एम.एस. लखनऊ को राष्ट्रीय समन्वयक प्रो0 सत्यकी रॉय द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

शमित श्रीवास्तव को प्रशस्तिपत्र देते प्रो. सत्यकी रॉय